रणजीत टाइम्स

इंदौर

मंगलवार, 10 नवम्बर, 2026

वर्ष 02 | अंक 266 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

'कांग्रेस के दिमाग में सिर्फ ईद बसी है



भोपाल। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दीपावली को 'खुशियों की ईद' बताने वाले बयान पर मध्य प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। भोपाल की हुजूर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (BJP) के वरिष्ठ विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस आलाकमान पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के दिमाग में सिर्फ 'ईद' बसी हुई है, जिसके चलते वह दीपावली जैसे महापर्व, मां लक्ष्मी की आराधना और भारतीय सनातन संस्कृति व समृद्धि के त्योहार को पूरी तरह भूल चुकी है।

अबोध बालक" के चलते गर्त में गई कांग्रेस

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस नेतृत्व को आड़े हाथों लेते हुए राहुल गांधी पर भी करारा तंज कसा। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के भीतर मुस्लिम पक्ष को इतनी तेजी से एक "अबोध बालक" ने हावी किया है कि पार्टी पूरी तरह गर्त में चली गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले राहुल गांधी की नीतियों के कारण कांग्रेस कमजोर हुई, और अब पार्टी के वरिष्ठ व अनुभवी नेताओं की बची-खुची समझ भी खत्म हो चुकी है। इसी का नतीजा है कि खड़गे जी जैसे वरिष्ठ नेता भी दीपावली के शुभ अवसर पर ईद जैसी बातें करने लगे हैं।

आपके ईद कहने से हमारी दीपावली खराब नहीं होगी

बीजेपी विधायक ने कांग्रेस अध्यक्ष को सीधा जवाब देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति की मिठास और व्यापकता पर किसी के कटाक्ष का कोई असर नहीं पड़ेगा।

हर साल तैयार होंगे

गौ-वंश के 1 लाख भ्रूण : मोहन यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गोवर्धन पूजा पर 9 नवंबर को भोपाल स्थित रवींद्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय गौ-पूजन एवं पशुपालक सम्मान समारोह में सहभागिता की।

उन्होंने परिसर में विधि-विधान के साथ गोवर्धन पूजा की और प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। उन्होंने गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना 2026-27 के 466 विजयी पशुपालकों को 2 करोड़ 95 लाख रुपये ट्रांसफर किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की पंजीकृत 3 हज़ार गोशालाओं में संरक्षित 5.51 लाख निराश्रित गौवंश के भरण- पोषण के लिए 65 करोड़ 66 लाख की अनुदान राशि दी। इससे पहले उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्हें विभिन्न उत्पादों, नवाचारों और पशुपालन से संबंधित गतिविधियों की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना अंतर्गत चयनित उत्कृष्ट पशुपालकों को पुरस्कार राशि और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने बड़ी घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लाख गौ-वंश भ्रूण हर साल तैयार करने के लिए 50 एकड़ में प्रोजेक्ट लगाया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 5 हजार साल पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अनेकों रूप लेकर मानवजाति को प्रेरित किया है। भगवान श्रीकृष्ण ने जल पर सबका अधिकार प्रदर्शित करने के लिए कालिया मर्दन किया। उन्होंने संदेश दिया कि जल पर कोई विषधर कब्जा कर ले ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनकी वह लीला भी सभी को याद है।

जिसमें उन्होंने बताया कि प्रकृति पर, वन पर, संपूर्ण चराचर जगत पर सभी का अधिकार है। उन्होंने भगवान इंद्र के अहंकार को चूर-चूर करते हुए गोवर्धन



उठाया और जनता की रक्षा की। उन्होंने संदेश दिया कि सामूहिकता के बल पर हम बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा से प्रकृति-पर्वत के प्रति श्रद्धा बढ़ती है। जल जीवन है, लेकिन अतिवृष्टि को उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह प्रसंग 7 दिन चला। उन्होंने कहा कि इस प्रसंग ने हमें इतनी प्रेरणा दी कि हम गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण की वह तस्वीर अपने मन में बसाकर रखते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गौ-पालन को बढ़ावा दिया। खेती-किसानी के अलावा गौपालन से मनुष्य का प्रकृति के साथ संबंध जुड़ता है।

हम सभी के लिए जीना सीखें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज फिर प्राकृतिक खेती का जमाना आ गया है। खेती में रसायन का इस्तेमाल करने से बीमारियां फैलती हैं। आज हम फिर श्रीकृष्ण भगवान के उस काल की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक वस्तुओं के जुड़ाव में गौ-माता धुरी का काम करती है। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। मनुष्य के अलावा गौ-माता ही वह जीव है जो मां कहकर प्रकृति को बुलाता है। वह हमको मां के ममत्व से जोड़ता है। गौ-माता हम सभी को अपने आश्रय में लेती है। उसके रोम-रोम से हमारे लिए दुआ निकलती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने दूध और मक्खन से मिली शक्ति के बलबूते कंस का वध किया। भगवान श्रीकृष्ण ने पर्यावरण से जोड़ते हुए गांव की संस्कृति को सिर-माथे पर लगाया। उन्होंने 5 हजार साल पहले सादगी का संदेश दिया। लोग सोने-चांदी के मुकुट पहनकर इतराते थे, लेकिन भगवान ने मयूर पंख धारण कर गांव की संस्कृति और पर्यावरण की संस्कृति को जोड़ दिया। उनका संदेश हमें आज भी प्रेरित करता है। उन्होंने संदेश दिया कि हमें अपने गांवों और ग्रामीण परिवेश को भूलना नहीं चाहिए। गौ-पालक गौ-माता का श्रृंगार करते हैं। गाय माता के गले में बजने वाली घंटी जीवन का नीयत क्रम बताती है। वह बताती है कि जो आया है, वह जाएगा। इस आने-जाने के क्रम में हमें जो समय मिला है उसका सदुपयोग करना हमें सीखना चाहिए, हम सभी के लिए जीना सीखें। इसलिए हमने गौ-पालन का अनूठा अभियान चलाया है। यह आयोजन पूरे प्रदेश में एक साथ चल रहा है।

गौ-वंश की देखभाल के लिए डबल किया अनुदान- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार के गठन के बाद हमने सोचा कि सरकार का काम केवल लॉ एंड ऑर्डर कायम करना, इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करना नहीं है, बल्कि समाज के साथ जुड़ना भी है। इसलिए हमारी सरकार ने फैसला किया हम सारे त्योहार मनाएंगे।





साइबर ठगी का नया तरीका; खाते होल्ड होने से पहले एटीएम से कैश निकाल रहे जालसाज

भोपाल, नप्र। साइबर ठगी के मामलों में आरोपित अब ठगी की राशि को बैंक खातों में ज्यादा समय तक रखने के बजाय एटीएम के माध्यम से नकद निकाल रहे हैं, लेकिन पुलिस के लिए रकम निकालने वालों तक पहुंचना चुनौती बन गया है। दरअसल, एटीएम से नकदी निकालने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग अहम साक्ष्य होती है।

तीन माह तक ही सुरक्षित रहती रिकॉर्डिंग: बैंकों के पास यह रिकार्डिंग अधिकतम तीन माह तक ही सुरक्षित रहती है। ठगी की शिकायत मिलने, बैंक खातों का विश्लेषण करने और संबंधित एटीएम की पहचान कर फुटेज मांगने की प्रक्रिया में अकसर इतना लंबा समय लग जाता है कि तब तक रिकार्डिंग ही सुरक्षित नहीं रहती।

साइबर मुख्यालय ने इस वर्ष एटीएम से साइबर ठगी की राशि निकालने वालों की पहचान के लिए दो बार विशेष अभियान चलाया, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिली। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में इस संबंध में मात्र छह एफआइआर दर्ज हो सकीं। इसकी बड़ी वजह जांच में होने वाली देरी और सीसीटीवी फुटेज की सीमित उपलब्धता है। म्यूल (किराये के) खातों में डाली गई ठगी की राशि शिकायत मिलने पर बैंक होल्ड कर देते हैं। ऐसे में ठग कई खातों में राशि डालने के बाद अपने लोगों के माध्यम से एटीएम से नकद निकालवा लेते हैं। इसके बाद रकम किसके पास पहुंची, इसका पता लगाना और मुश्किल हो जाता है।

साइबर मुख्यालय के अधिकारियों का कहना है कि लगभग हर ठगी में कुछ राशि बाद में एटीएम से निकाली जाती है। अब हर माह की रिपोर्ट से होगी पहचान एसपी साइबर प्रणय नागवंशी के अनुसार, अब ऐसे एटीएम चिह्नित किए जा रहे हैं, जहां से साइबर ठगी की सबसे अधिक राशि निकाली गई है। इन एटीएम से संबंधित बैंकों को तीन माह से अधिक समय तक सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने के लिए कहा जाएगा।

16 नगर निगमों पर 72.51 करोड़ का बिजली बिल बकाया

इंदौर पर सबसे ज्यादा 23.71 करोड़; भोपाल दूसरे नंबर पर



भोपाल, नप्र। मध्य प्रदेश के 16 नगर निगमों पर बिजली बिल के 72 करोड़ 51 लाख 22 हजार रुपए बकाया हैं। बकाया राशि के मामले में इंदौर नगर निगम सबसे आगे है, जबकि भोपाल दूसरे नंबर पर है। इंदौर पर 23 करोड़ 71 लाख और भोपाल पर 13 करोड़ 56 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया है। यह राशि शहरी क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट और पेयजल व्यवस्था के लिए इस्तेमाल होने वाली बिजली के बिलों की है।

सरकार की ओर से 108 करोड़ 72 लाख रुपए के बिजली बिल का भुगतान किया गया है। जिसमें 40 करोड़ 96 लाख रुपए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को दिए गए हैं। वहीं, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 27.92 करोड़ और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 39.84 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने यह राशि नगरीय निकायों के बकाया बिजली बिलों के भुगतान के लिए जारी की है। इसमें नगर निगम, नगरपालिका और नगर परिषद क्षेत्र शामिल हैं।

इन क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट के जरिए शहरी इलाकों को रोशन रखने के साथ ही पेयजल सप्लाई की व्यवस्था भी की जाती है। बिजली बिल के बकाया में इन निकायों की स्ट्रीट लाइट और पेयजल सप्लाई से संबंधित राशि शामिल है। विभाग ने बिजली बिलों का भुगतान चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से किया है। इस भुगतान के बाद नगरीय निकायों का अक्टूबर तक का बिजली बिल चुका दिया गया है।

इन नगर निकायों पर सबसे ज्यादा बकाया: बिजली बिल के भुगतान के लिए जारी राशि में प्रदेश के बड़े शहरों के नगर निगमों पर भी बड़ी रकम बकाया थी। इसमें इंदौर नगर निगम सबसे आगे रहा। इंदौर पर 23 करोड़ 71 लाख 36 हजार रुपए, भोपाल पर 13 करोड़ 56 लाख 43 हजार रुपए और जबलपुर पर 10 करोड़ 7 लाख 72 हजार रुपए बकाया थे।

मप्र के 7 शहरों का एक्यूआई 300 पार

भोपाल सबसे प्रदूषित, 5 घंटे में दोगुना हुआ प्रदूषण; ग्वालियर-इंदौर की हवा भी जहरीली



भोपाल, नप्र। दिवाली की रात आतिशबाजी के बाद मध्य प्रदेश के कई शहरों की हवा खराब हो गई। भोपाल में सुबह 11 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स 393 दर्ज किया गया, जो 400 के गंभीर स्तर से महज 7 अंक नीचे है।

इससे पहले रात 10 बजे से सुबह 3 बजे के बीच यानी 5 घंटे में भोपाल के टीटी नगर का एक्यूआई 150 से बढ़कर 314 रहा। यानी इसमें दोगुने से ज्यादा बढ़ोतरी हुई।

आतिशबाजी के बाद ग्वालियर की भी एयर क्वालिटी काफी खराब रही। सोमवार सुबह 3 बजे दीनदयाल नगर का एक्यूआई 363 दर्ज किया गया। रात 10 बजे यह 354 था। ग्वालियर के महाराज बाड़ा में एक्यूआई 337 और सिटी सेंटर में 329 रहा।

इंदौर की छोटी ग्वालटोली में एक्यूआई 338 और मगूदा नगर में 316 दर्ज किया गया। वहीं, जबलपुर के मरहताल में यह 328 और सुहागी में 303 रहा। भोपाल के पर्यावरण परिसर में भी एक्यूआई 213 से बढ़कर 302 पहुंच गया।

इन चारों शहरों में हवा की गुणवत्ता वेरी पुअर यानी बहुत खराब श्रेणी में रही। जबलपुर में एक्यूआई 347, मंडीदीप में 318 और देवास में 308 दर्ज किया गया। इस तरह प्रदेश के सभी सात शहरों में एक्यूआई 300 के पार रहा।

10-12 सिगरेट पीने जितना नुकसान: दिवाली की रात पटाखों से निकले धुएं ने प्रदेश के कई शहरों की हवा जहरीली कर दी। हालात ऐसे रहे कि प्रदूषित हवा में सांस लेना 10 से 12 सिगरेट पीने जितना नुकसानदायक हो सकता है।

पर्यावरणविद् सुभाष सी पांडे के मुताबिक, एक्यूआई 350 से ज्यादा होने पर 24 घंटे तक ऐसी हवा में सांस लेना 10 से 12 सिगरेट पीने के बराबर है। वहीं, एक्यूआई 400 के पार होने पर इसका असर 25 सिगरेट पीने जितना हो सकता है। पटाखों से निकलने वाले पीएम2.5 के बारीक कण सेहत के लिए सबसे ज्यादा नुकसानदायक हैं।

पांच घंटे में दोगुना हुआ प्रदूषण: आतिशबाजी के बाद भोपाल के टीटी नगर में रात 10 बजे एक्यूआई 150 था, जो सुबह 3 बजे बढ़कर 314 हो गया। यानी पांच घंटे में प्रदूषण दोगुने से ज्यादा हो गया। ईदगाह हिल्स में एक्यूआई 140 से बढ़कर 263 और सिंगरौली में 122 से बढ़कर 235 पहुंच गया।

सुबह 3 बजे ग्वालियर के दीनदयाल नगर में प्रदेश का सबसे ज्यादा एक्यूआई 363 दर्ज किया गया। वहीं, इंदौर की छोटी ग्वालटोली में एक्यूआई 338, ग्वालियर के महाराज बाड़ा में 337 और जबलपुर के मरहताल में 328 रहा।

9 मॉनिटरिंग स्टेशन वेरी पुअर श्रेणी में पहुंच गए: प्रदूषण के स्तर को समझने के लिए तय श्रेणियों के अनुसार 201 से 300 तक एक्यूआई को पुअर और 301 से 400 तक वेरी पुअर माना जाता है। इस पैमाने पर सुबह 3 बजे प्रदेश के कम से कम 9 मॉनिटरिंग स्टेशन वेरी पुअर श्रेणी में पहुंच गए।

इनमें भोपाल के दो, ग्वालियर के तीन, इंदौर के दो और जबलपुर के दो स्टेशन शामिल हैं। वहीं उज्जैन के महाश्वेता नगर में एक्यूआई 281 दर्ज हुआ, जो पुअर श्रेणी में है।

अब बिना सोइल और ग्राउंड वॉटर टेस्टिंग के नहीं बनेगी हाईराइज बिल्डिंग

भोपाल, नप्र। बहुमंजिला भवनों को मंजूरी देने से पहले जियोटेक्निकल लैब से मिट्टी की भार वहन क्षमता, मिट्टी की संरचना और भूजल स्तर का परीक्षण कराया जाएगा। सोइल स्टेबिलिटी रिपोर्ट (मिट्टी की मजबूती की जांच) रिपोर्ट तैयार करना अनिवार्य होगा।

रिपोर्ट में यदि सब कुछ ठीक रहा तभी साइट क्लीयरेंस कमेटी इसकी मंजूरी देगी। मिट्टी की कठोरता और गहराई के विश्लेषण के आधार पर ही ढांचे का डिजाइन तैयार किया जाएगा, ताकि भूकंप या भारी वजन से इमारत न धंसे।

खतरों से बचाव के लिए नियमों में बदलाव: कमजोर सतह या मिट्टी के कारण होने वाले खतरों को रोकने और भवनों की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए मप्र एकीकृत भूमि विकास और भवन प्रोत्साहन नियम, 2026 के प्रारूप में इसके प्रावधान किए गए हैं। नियम में प्रावधान किया है कि किसी भी हाईराइज बिल्डिंग (15 मंजिल से अधिक या 45 मीटर से ऊंचे भवन) को तब तक मंजूरी नहीं दी जा सकती, जब तक कि साइट क्लीयरेंस कमेटी द्वारा स्पष्ट मंजूरी न दे दी जाए।

कमेटी देगी रिपोर्ट: यह कमेटी विशेष रूप से यह जांच करेगी कि प्रस्तावित स्थल हाईराइज भवन के निर्माण के लिए तकनीकी और भौगोलिक रूप से उपयुक्त है या नहीं। कमेटी यह भी देखेगी कि प्रस्तावित निर्माण स्थल किसी फाल्ट लाइन, अत्यधिक जलभराव वाले क्षेत्र, कमजोर ढलान या नदी/नाले के कैचमेंट एरिया के करीब तो नहीं है। बहुमंजिला भवन का भारी वजन आसपास की जमीनों या भूमिगत बुनियादी ढांचे (जैसे मेट्रो टनल, गैस पाइपलाइन या मुख्य सीवर लाइन) की सतह को प्रभावित न करे, इसकी समीक्षा भी यह कमेटी करेगी।

नेशनल बिल्डिंग कोड का पालन होगा अनिवार्य: भवन निर्माण में नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) के मानकों का पालन अनिवार्य किया गया है। एनबीसी में मिट्टी की जांच, जियोटेक्निकल सर्वे और विभिन्न प्रकार की सतहों के लिए विस्तृत मानक दिए गए हैं। इसमें अधिकृत स्ट्रक्चरल इंजीनियर की जवाबदेही भी तय की गई। जांच और अनुमति देने का अधिकार केवल उन्हीं अधिकृत आर्किटेक्ट या स्ट्रक्चरल इंजीनियरों को होगा जिन्हें कम से कम 10 वर्ष का कार्य अनुभव प्राप्त हो। यदि तकनीकी मानकों (जैसे सोइल टेस्टिंग या स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी) की अनदेखी की जाती है या जो गलत जानकारी देता है, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

रणजीत टाइम्स

बैक्टीरिया, 52 में से 50 सैंपल दूषित

दूषित पानी के मामले में NGT सख्त, संयुक्त जांच कमेटी ने रिपोर्ट सौंपी; नगर निगम और राज्य सरकार को पाइपलाइन लीकेज रोकने सहित जरूरी सुधार के निर्देश

इंदौर। भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद अब निजी बोरिंग के पानी की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जांच में 52 निजी बोरिंग के पानी के सैंपल लिए गए थे, जिनमें से 50 में टोटल कोलीफॉर्म और 40 में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिला है। मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने हस्तक्षेप करते हुए संबंधित विभागों को जांच और जरूरी सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

एनजीटी ने बनाई थी संयुक्त जांच कमेटी- इंदौर के दूषित पानी से जुड़े मामले की सुनवाई एनजीटी की भोपाल स्थित सेंट्रल जोन बेंच में हुई थी। 15 जनवरी 2026 को ट्रिब्यूनल ने संयुक्त जांच कमेटी गठित कर छह सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। कमेटी में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर प्रशासन, जल संसाधन विभाग, आईआईटी इंदौर और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया था। कमेटी ने 7 मार्च को भागीरथपुरा और आसपास के क्षेत्रों का दौरा किया तथा 25 मार्च को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट के मुताबिक, 3 जनवरी को निजी बोरिंग से पानी के 52 सैंपल लिए गए थे। इनमें



50 में टोटल कोलीफॉर्म और 40 में ई-कोलाई बैक्टीरिया पाया गया। जांच में भागीरथपुरा और आसपास के क्षेत्रों में निजी बोरिंग के पानी में गंदगी मिलने की समस्या सामने आई।

पाइपलाइन लीकेज रोकने और क्लोरीनेशन के निर्देश- एनजीटी ने नगर निगम और राज्य सरकार को पेयजल सप्लाई की पाइपलाइनों में लीकेज रोकने, क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों की मरम्मत, पानी में क्लोरीन मिलाने और पानी की टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पानी की गुणवत्ता की लगातार निगरानी और नागरिकों की शिकायतों के निराकरण के लिए व्यवस्था बनाने को भी कहा है।

भागीरथपुरा कांड के बाद बढ़ी थी जांच- गौरतलब है कि दिसंबर 2025 के अंतिम दिनों में भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने के बाद बड़ी संख्या में लोग उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचे थे। इस घटना में कई लोगों की मौत हुई थी। पानी की जांच में ई-कोलाई सहित हानिकारक बैक्टीरिया मिलने के बाद पेयजल व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठे थे। मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में भी जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हुई थी। हाईकोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश जस्टिस सुशील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग गठित किया था। आयोग ने 600 से अधिक पन्नों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। सितंबर 2026 में सामने आई रिपोर्ट में पेयजल और सीवर की पाइपलाइनों के बीच कम दूरी, पुरानी पाइपलाइन और समय पर मरम्मत नहीं होने जैसी खामियों का उल्लेख किया गया था।

इंदौर महिला कांग्रेस को जल्द मिलेगा नया नेतृत्व

शहर और ग्रामीण अध्यक्षों की घोषणा जल्द

प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने किया ऐलान, लंबे समय से खाली हैं दोनों पद; पैनल तैयार, प्रदेश से राष्ट्रीय नेतृत्व तक हो चुकी है चर्चा





इंदौर। इंदौर महिला कांग्रेस में लंबे समय से खाली पड़े शहर और ग्रामीण अध्यक्ष के पदों पर जल्द नियुक्तियां होने जा रही हैं। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने सोमवार को इंदौर में मीडिया से चर्चा के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों पदों के लिए पैनल तैयार है और जल्द ही नियुक्तियों की घोषणा कर दी जाएगी। शहर और ग्रामीण अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर पूछे गए सवाल पर रीना बोरासी ने कहा कि यह सवाल काफी समय से उठ रहा है और कार्यकर्ता भी नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं। इंदौर शहर और ग्रामीण दोनों जगह महिला अध्यक्ष के पद लंबे समय से रिक्त हैं। इस संबंध में प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व तक चर्चा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इंदौर को शहर और ग्रामीण दोनों महिला अध्यक्ष एक साथ मिलेंगे। इसके लिए अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

कई नाम दौड़ में- सूत्रों के मुताबिक, शहर अध्यक्ष पद के लिए 4 से 5 और ग्रामीण अध्यक्ष पद के लिए 3 से 4 नामों पर मंथन चल रहा है। संगठन में सक्रिय रहने, आंदोलनों में भागीदारी और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए समय देने वाली महिलाओं को प्राथमिकता दिए जाने की संभावना है।

संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की तैयारी- नई नियुक्तियों के बाद महिला कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने और सदस्यता अभियान तेज करने की योजना है। लंबे समय से नेतृत्व के अभाव में सुस्त पड़े संगठन को नई नियुक्तियों के जरिए सक्रिय करने की कोशिश होगी। इसके साथ ही निगम और प्रदेश सरकार के खिलाफ महिला कांग्रेस की गतिविधियों को भी गति देने की तैयारी है।

दीपावली पर रातभर दौड़ती रही फायर ब्रिगेड, 6 स्थानों पर लगी आग

पटाखों की चिंगारी से फ्लैट-कपड़े की दुकान और फर्नीचर गोदाम में आग लगी

इंदौर। दीपावली पर आग लगने की घटनाएं अक्सर सामने आती है और इन घटनाओं से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड पहले से तैयारी कर लेती है। इस साल भी फायर ब्रिगेड की टीमें रातभर यहां से वहां दौड़ती रही और जहां भी सूचना मिली, वहां पहुंचकर आग पर काबू पाया। दरअसल आतिशबाजी से आग लगने की 6 घटनाएं सामने आईं। सरवटे बस स्टैंड, खजराना, स्कीम नंबर-54, विजयनगर, नंदबाग और परदेशीपुरा सहित आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर दुर्घटना हुई है। कहीं टायर और फर्नीचर जलकर खाक हो गए तो कहीं फ्लैट में रखा गृहस्थी का सामान राख हो गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, पहली सूचना रात करीब 9 बजे सरवटे बस स्टैंड से मिली। यहां दुकान की छत पर रखे टायरों में आग लग गई थी। दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दूसरी घटना खजराना इलाके में हुई। यहां गैराज और फर्नीचर के गोदाम में आग लग गई। शेड में बनी दुकानों में रखा फर्नीचर जलकर खाक हो गया। आग से सामान को काफी नुकसान पहुंचा।

फ्लैट का गृहस्थी का सामान जला- देर रात स्कीम नंबर-54 में रजत ज्वेलर्स के ऊपर बने फ्लैट्स में आग लग गई। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना पर एसीपी पराग सैनी, टीआई चंद्रकांत पटेल सहित पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। आग में फ्लैट का गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया।

यहां भी फ्लैट में आग- विजयनगर इलाके में मिलन हाइट्स के एक फ्लैट में पटाखों की चिंगारी से आग लग गई। रहवासियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

AQI बढ़ा तो क्या? इंदौर ने दिवाली भी मनाई और रात 3 बजे शहर को चमका भी दिया

महापौर पुष्यमित्र भार्गव बोले- रोशनी और पटाखे दिवाली की आत्मा, एक दिन के एक्यूआई से शहर की स्वच्छता तय नहीं होगी; सनातन उत्सव को निशाना बनाना बंद करें

इंदौर। दीपावली के दूसरे दिन शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़ने को लेकर विपक्ष और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि इंदौर ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ दीपावली मनाई और अगले ही दिन शहर को फिर स्वच्छ कर दिया। पर्यावरण की चिंता जरूर होनी चाहिए, लेकिन दीपावली की खुशियों को केवल एक्यूआई के आंकड़ों से नहीं आंकना चाहिए। महापौर ने बयान जारी कर कहा कि दीपावली रोशनी, उत्साह और आनंद का पर्व है। पूरे शहर में घर रोशनी से जगमगा रहे थे और पटाखे फोड़े जा रहे थे। यह हमारी सनातन संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कुछ पर्यावरण प्रेमियों को इस उत्सव से ज्यादा समस्या हो रही है। धुएं और नमी के कारण बड़े शहरों में कुछ समय के लिए एक्यूआई बढ़ना सामान्य बात है। यह स्थायी प्रदूषण नहीं है।

रात 3 बजे शुरू हुआ स्वच्छता अभियान- महापौर ने बताया कि नगर निगम की टीम ने रात 3 बजे से ही सफाई अभियान शुरू कर दिया था। वाटर कैनन, स्प्रिंकलर मशीनों और सफाई मित्रों की मदद से सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया। धूल और धुएं को साफ करने के प्रयास किए गए। सुबह 6 बजे तक शहर को फिर स्वच्छ बना दिया गया था।

बोले- इंदौर स्वच्छता और एक्यूआई में भी नंबर वन रहेगा- भार्गव ने कहा कि केवल त्योहार और पटाखों के कारण एक दिन एक्यूआई बढ़ने से इंदौर की सात बार की स्वच्छता की बादशाहत पर सवाल नहीं उठाए जा सकते। इंदौर स्वच्छता और एयर क्वालिटी इंडेक्स दोनों में अपनी पहचान बनाए रखेगा। उन्होंने तथाकथित पर्यावरण प्रेमियों को नसीहत देते हुए कहा कि सालभर फैक्ट्रियों और वाहनों से होने वाला प्रदूषण भी दिखाई देना चाहिए। केवल दीपावली के समय पर्यावरण की चिंता करना और सनातन उत्सव को अलग नजरिए से देखना उचित नहीं है। यह लोगों को जोड़ने और खुशियां बांटने का त्योहार है, इसे विवाद का विषय नहीं बनाना चाहिए।

यात्री बस से 2.25 लाख की अवैध शराब जब्त, पुलिस की चेकिंग में खुलासा, तीन राज्यों के आरोपी पकड़ाए

M.R. Travels की बस में ले जाई जा रही थी 120.75 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब, 25 लाख कीमत की बस भी जब्त; कुल 27.25 लाख का मशरूका बरामद

इंदौर। अवैध शराब के परिवहन और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यस्तरीय अभियान के तहत चंदन नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए यात्री बस से 120.75 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। शराब की कीमत करीब 2.25 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने परिवहन में इस्तेमाल की जा रही एमआर ट्रैवल्स की बस भी जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 25 लाख रुपए है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, 7 नवंबर की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक यात्री बस में अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन किया जा रहा है। इस पर चंदन नगर चौराहे पर घेराबंदी की गई। 8 नवंबर की रात करीब 12:17 बजे बस क्रमांक एनएल01बि 1500 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में विभिन्न ब्रांड की 120.75 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सागर



सालट (25), निवासी गुजरात, सुनील वसुनिया (34), निवासी सरदारपुर, जिला धार और रतन प्रजापत (21), निवासी बाड़मेर, राजस्थान को गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ थाना चंदन नगर में अपराध क्रमांक 1321/2026 के तहत मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) में प्रकरण दर्ज किया गया है।

इंदौर से बड़ोदरा तक तस्करी नेटवर्क की जांच- पुलिस अब इंदौर से बड़ोदरा (गुजरात) तक जुड़े अंतरराज्यीय शराब तस्करी नेटवर्क की जांच कर रही है। आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शराब के स्रोत, परिवहन मार्ग, सप्लायर और संभावित खरीदारों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आने पर उनके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में कुल 27.25 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया गया है।

पटाखे जलाकर घर के बाहर फेंकने से रोका तो दो युवकों ने भाइयों को पीटा

इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र के गायत्री नगर स्थित पप्पू की चाल में पटाखे जलाने की बात पर विवाद हो गया। घर के बाहर पटाखे फोड़कर फेंकने से मना करने पर दो युवकों ने 17 वर्षीय किशोर के साथ मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आए उसके छोटे भाई को भी आरोपियों ने पाइप से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, फरियादी संजय वंशकार (17), निवासी पप्पू की चाल, पाल्दा ने शिकायत में बताया कि दीपावली की रात करीब 8 बजे वह अपनी गली में बैठा था। तभी पड़ोस में रहने वाले दीपेश और विकास उसके घर के बाहर पटाखे फोड़ रहे थे। पटाखे अपने पास जलाकर फेंकने से मना करने पर दोनों विवाद करने लगे और उसे अपशब्द कहने लगे। संजय ने जब इसका विरोध किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान उसका छोटा भाई रोहित वंशकार बीच-बचाव करने पहुंचा। आरोप है कि दीपेश और विकास ने पाइप उठाकर संजय और रोहित के सिर पर वार कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए।

मंदिर में गंदा पानी आने से रोकने के लिए लगाई ईंट हटाई, विरोध करने पर महिला से मारपीट

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र की राजाबाग कॉलोनी में घर के बाहर बने भोलेनाथ के मंदिर में गंदा पानी आने से रोकने के लिए लगाई गई ईंट हटाने पर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दो भाइयों और उनकी मां पर महिला के साथ मारपीट करने का आरोप है। घटना में महिला के पति को भी चोट आई है। पुलिस के अनुसार, फरियादी निधि प्रजापत (32), निवासी राजाबाग कॉलोनी ने शिकायत में बताया कि उसने अपने घर के बाहर भोलेनाथ का मंदिर बना रखा है। आसपास के घरों की सफाई का गंदा पानी मंदिर तक पहुंचता था। इसे रोकने के लिए उसने मंदिर के किनारे ईंट लगा दी थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले मुकेश द्विवेदी ने ईंट हटा दी। निधि ने इसका कारण पूछा तो मुकेश और उसके भाई अनिल ने विवाद शुरू कर दिया। महिला ने गाली-गलौज का विरोध किया तो मुकेश की मां ने उसके साथ हाथ-थप्पड़ों और झाड़ू से मारपीट की। घटना में निधि के पति राजेश प्रजापत (35) भी घायल हुए हैं। पुलिस ने मुकेश और अनिल द्विवेदी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

चाकू से हमला कर युवक की हत्या

रंजिश में दिया घटना को अंजाम, दो पकड़ाए

इंदौर। दीपावली की रात पुराने विवाद के चलते आरोपियों ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना को जन्मदिन की पार्टी के दौरान हुए विवाद में अंजाम दिया गया। पुलसि ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपी को हिरासत में लिया है। घटना खजराना इलाके की है। हमले के बाद गंभीर हालत में परिजन युवक को कोकिलाबेन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान रिजवान (18) पिता फारूक निवासी ताज नगर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि देर रात रिजवान का अपने दोस्तों के जन्मदिन मनाने के दौरान विवाद हो गया था। इसी दौरान आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल रिजवान को परिजन तत्काल कोकिलाबेन अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां रात करीब 3 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की। देर रात ही दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। वारदात में शामिल नाबालिग समेत अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

सड़क हादसा: छात्र की मौत, साथी घायल

बाइक पर जाते समय दूसरी बाइक ने मारी थी टक्कर

इंदौर। अपने साथी के साथ बाइक पर जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। दरअसल दोनों बाइक से कहीं पर जा रहे थे, तभी एक अन्य बाइक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

हादसा सेंट पाल स्कूल के पास हुआ। उदय पिता कमल कश्यप (28) अपने दोस्त सौरभ पाटिल के साथ बाइक पर सवार होकर गुजर रहा था। उसी दौरान एक अन्य बाइक सवार ने इनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उदय की मौत हो गई जबकि उसका दोस्त सौरभ मामूली रुप से घायल हुआ है। टक्कर मारने वाला बाइक सवार वहां से फरार हो गया। बताते हैं कि उसे भी चोट लगी है। पलासिया पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीआई सुरेंद्रसिंह रघुवंशी ने बताया कि अभी तक इनकी बाइक को टक्कर मारने वाले का पता नहीं चला है। पुलिस घटनास्थल और उसके आसपास के फुटेज से टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।



हादसे में मौत का शिकार हुआ छात्र मास्टर डिग्री कर रहा था और 15 दिन पहले ही उसने निजी कंपनी जेप्टो में नौकरी करना शुरु किया था। छात्र के पिता का निधन हो चुका है। वह अपने भाई,बहन मां के साथ विनोबा नगर में रहता था। वह अपने दोस्त के साथ दीपावली मिलन के लिए निकला था इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया।

विवाद देख रुकना पड़ा भारी, पिता और दो बेटों पर तीन लोगों ने किया हमला

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र के सुखलिया गांव में गली में हो रहे विवाद को देखने के लिए रुकना एक व्यक्ति और उसके बेटों को भारी पड़ गया। विवाद के दौरान तीन लोगों ने पिता और उसके दोनों बेटों के साथ मारपीट कर दी। एक आरोपी ने नुकीली वस्तु से व्यक्ति की भुजा पर वार कर उसे घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, फरियादी अजय यादव (37), निवासी सुखलिया गांव सेक्टर डी, सांवेर रोड ने शिकायत में बताया कि वह गली से गुजर रहा था। टन्नू उर्फ संतोष माली के घर के पास कुछ लोगों में विवाद हो रहा था। इस दौरान उसने अपनी गाड़ी साइड में खड़ी कर दी। तभी संतोष वहां आया और उसके बाल पकडक़र मारपीट करने लगा। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए किसी नुकीली वस्तु से अजय की बाईं भुजा पर वार कर दिया, जिससे खून निकलने लगा। अजय के बेटे राज और विश्वास ने बीच-बचाव किया तो संतोष के बेटे आशू ने डंडे से और अंतरसिंह माली ने हाथ-मुक्कों से तीनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने टन्नू उर्फ संतोष, आशू और अंतरसिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

घोड़ापाठ में दीपावली के 1 दिन पहले मकान में आग लगने राख में तब्दील हुआ विधायक अभिजीत शाह ने दिखाई दलियादिरी

विधायक शाह भौतिक मूलभूत आवश्यकता व त्योहारों को देखते हुए मिठाई पटाखे 10,000 अतिरिक्त तत्काल सहायता मौके पर उपलब्ध कराई।

वीरेंद्र चौहान

हरदा- ग्राम घोड़ापाठ में दीपावली से एक दिन पहले सीताराम के मकान में आग लगने से पूरा मकान जलकर राख के देर में तब्दील हो गया



घर में रखा गृहस्ती व खाने-पीने का सारा सामान जलकर खाकर हो गया है। जिन घरों में खुशियों के दीप जलते थे वहां राख के ढेर और मासूम बच्चों की आंखों में आंसू थे। यह घटना दिल को झिझौरे वाली थी। ख़बर लगते ही विधायक अभिजीत शाह मौके पर पहुंचे । इस दुख घड़ी में विधायक अभिजीत शाह द्वारा सीताराम के परिवार को सिराली ले जाकर गृहस्थी के समान, जरूरतमत चीजे दिलाए दिवाली को देखते हुए मिठाई पटाखे जरूरत का सामान राशन में 10,000 अतिरिक्त तत्काल सहायता मौके पर दी गई। विधायक शाह ने कहा कि मैं यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस दुख कि घड़ी में आपका यह भाई आपके साथ मजबूती से खड़ा है हम इस दर्द को मिलकर बाटेंगे।

दैनंदिन क्रियाकलापों में ईश्वर का सानिध्य होना ही धर्म है



संघर्ष के समय परमात्मा को याद करना स्वाभाविक है, लेकिन जब जीवन में सब कुछ अनुकूल हो और हम पूर्ण संतुष्टि का अनुभव कर रहे हों, तब भी परमात्मा से जुड़े रहना आवश्यक है। वास्तव में, यही जुड़ाव हमारी संतुष्टि को स्थायी बनाने का आधार है। हमें कभी नहीं भूलना चाहिए कि परमात्मा के साथ जुड़ने में ही हमारे जीवन की वास्तविक सार्थकता निहित है। विडंबना यह है कि मनुष्य अक्सर उन चीजों में अपना अधिक समय और ध्यान लगाता है, जो मृत्यु के बाद उसके साथ नहीं जाने वालीं, जबकि जो वास्तव में उसके साथ जाने वाला है, उसका चिंतन करना भूल जाता है। आखिर हमारे साथ क्या जाएगा? हमारे भीतर स्थापित होने वाला धर्म, हमारी आध्यात्मिक चेतना और आत्मिक विकास ही हमारे जीवन की वास्तविक उपलब्धि है।धर्म केवल ईश्वर की आराधना करने की विधि या कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ईश्वर को पाने की सच्ची आकांक्षा और अपने दैनिक क्रियाकलापों में उनके सानिध्य का अनुभव करना है। जीवन में संघर्ष करना प्रत्येक मनुष्य का दायित्व है। हम अपने परिवार के पालन-पोषण, सुरक्षा और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करते हैं। इस दौरान सफलता प्राप्त करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी करते हैं। लेकिन केवल अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए की गई प्रार्थना और ईश्वर से आत्मिक जुड़ाव की आकांक्षा में अंतर है। जब तक हमारी इच्छाएं शुद्ध नहीं होतीं, तब तक परमात्मा से हमारा संबंध पूर्ण रूप से स्थापित नहीं हो पाता। शुद्ध इच्छा का जागरण ही आध्यात्मिक परिवर्तन की शुरुआत है। शुद्ध इच्छा जागृत होते ही मनुष्य के भीतर पवित्रता का संचार होने लगता है और वह ईश्वर के सानिध्य का अनुभव करने लगता है। सहजयोग इसी शुद्ध इच्छा को जागृत करने और मनुष्य को परमात्मा से जोड़ने का सहज मार्ग प्रदान करता है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर आत्मसाक्षात्कार की अनुभूति प्राप्त कर परमेश्वर के चैतन्य से जुड़ सकता है। इससे बड़ी उपलब्धि और क्या हो सकती है कि एक सामान्य मनुष्य अपने भीतर की दिव्यता को पहचानकर आध्यात्मिक रूप से उन्नत हो जाए। जब यह परिवर्तन घटित होता है, तब जीवन की प्रत्येक जिम्मेदारी सहज और सरल लगने लगती है। इस संबंध में परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी कहती हैं— 'एक बार जब आप सच्चाई को धारण कर लेते हैं तो आपका अपना जीवन ही लोगों को विश्वास दिलायेगा कि आप दिव्य हैं। जो कुछ भी आप करते हैं, वह लोगों को यकीन देगा कि आप दिव्य हैं, और जो कुछ भी आप कहेंगे, लोग जान जाएंगे कि यह दिव्य शक्ति से आ रहा है।'

अद्भुत **30** लाख सात हजार पांच सौ अट्ठारह दीप जलाए गए सरयू के तटों पर | **56** घाटों पर दीप जलाकर अयोध्या ने अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया | **35** हजार से ज्यादा स्वयंसेवक लगे थे

अयोध्या के आंगन में दीपों से उतरा देवलोक

भव्यता

■ स्वरमिल चंद्रा

अयोध्या। रामनगरी ने एक बार फिर आस्था, अध्यात्म और भव्यता का ऐसा अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। छोटी दीपावली पर शनिवार को आयोजित दसवें दीपोत्सव में सरयू तट दीपों के महासागर में तब्दील हो गया।

राम की पैड़ी समेत 56 घाटों पर एक साथ 30 लाख 7 हजार 518 दीप प्रज्ज्वलित कर अवधपुरी ने रोशनी का नया कीर्तिमान रच दिया। पिछले वर्ष का अपना ही रिकॉर्ड पीछे छोड़ते हुए रामनगरी ने दीप प्रज्ज्वलन का आंकड़ा 30 लाख के पार पहुंचा दिया। इस बार राज्य सरकार ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने के लिए औपचारिक आवेदन नहीं किया था, लेकिन रामधाम में दीपों की संख्या ने नया रिकॉर्ड जरूर बना दिया।

दीपोत्सव की भव्यता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 35 हजार से अधिक स्वयंसेवकों ने कई दिनों की मेहनत के बाद घाटों पर दीप सजाने और उन्हें प्रज्ज्वलित करने का काम पूरा किया। शाम ढलते ही जैसे दीपों में लौ जली, सरयू तट से लेकर राम की पैड़ी तक पूरी रामनगरी रोशनी से नहा उठी। घाटों पर दूर तक सजी दीपों की कतारों ने ऐसा विहंगम दृश्य रचा कि हर कोई इसे अपने कैमरे में कैद करने को आतुर नजर आया। सरयू तट पर लाखों की भीड़ इकट्ठा हुई। नाजारा देखते ही बन रहा था।

हवा गुणवत्ता पर बड़ा असर नहीं : दीपोत्सव में सरयू के 56 घाटों पर करीब तीस लाख दीये एक साथ जले। इससे घाट रोशनी से नहा उठे। लाखों दीयों की लौ से आसपास के तापमान में कुछ समय के लिए मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई, हालांकि दीये बुझने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। विशेषज्ञों के मुताबिक, हवा के बहाव के कारण दीयों से निकला धुआं तेजी से फैल गया। दीपोत्सव के बाद अयोध्या के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में भी कोई बड़ा बदलाव दर्ज नहीं किया गया।



अयोध्या में शनिवार को छोटी दीवाली के मौके पर जगमग दीपों की रोशनी से नहाया राम मंदिर। ● हिन्दुस्तान

21 सौ वैदिक आचार्यों ने उतारी इस मौके पर सरयू की आरती

बीते साल से 15 फीसदी अधिक दीप जले

शनिवार को रामनगरी के 56 घाट 30 लाख सात हजार 518 दीयों की रोशनी से जगमगा उठे। इस बार करीब 28 लाख दीये जलाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन लक्ष्य से अधिक दीयों का प्रज्ज्वलन हुआ। पिछले साल नौवें दीपोत्सव में 26 लाख 17 हजार 215 दीये जलाए गए थे। इस तरह इस बार पिछले साल के मुकाबले करीब 15 प्रतिशत अधिक दीये जले। राम की पैड़ी, चौधरी चरण सिंह घाट, झुनकी घाट और लक्ष्मण किला घाट समेत सभी 56 घाटों पर दीयों की सजावट और प्रज्ज्वलन किया गया।

वर्ष दर वर्ष बढ़ता गया दीपोत्सव का उजाला

नोट-सभी आंकड़े लाख में।



लेजर-फ्लेम शो ने दिखाई विरासत की झलक

अयोध्या। दीपोत्सव में सरयू पुल पर आतिशबाजी के साथ लेजर-फ्लेम शो और संगीत का अनूठा संगम दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। राम की पैड़ी पर लाइट एंड साउंड शो के अभिनव प्रयोग के साथ आकाश और जल में उभरती रोशनी की छवियों ने लोगों को अचंभित कर दिया। सरयू की लहरों पर पड़ती लेजर ऐसा दृश्य रच रही थीं, मानो नदी का जल दर्पण बन गया हो।

बच्चों को परंपरा से परिचित कराना जरूरी : राज्यपाल

रामनगरी में दीपोत्सव में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि बच्चों को रामायण, महाभारत और भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराना जरूरी है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि किसी गरीब बच्चे की शिक्षा का दीप नहीं बुझने देंगे, किसी बेटी के सपनों को सीमित नहीं होने देंगे और किसी बुजुर्ग को अकेला नहीं छोड़ेंगे।

मंदिर स्वाभिमान का स्मारक

अयोध्या, संवाददाता। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने श्रीरामजन्मभूमि मंदिर को संपूर्ण हिंदू स्वाभिमान का स्मारक बताया। दीपोत्सव के दसवें संस्करण में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या आंदोलन और रामभक्तों के बलिदान के कारण ही नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री और योगी आदित्यनाथ यूपी के मुख्यमंत्री बने। कहा कि एक छोटे किसान परिवार से निकलकर वह स्वयं भी भारत के उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचे हैं। करीब 500 वर्षों तक रामजन्मभूमि लाखों रामभक्तों की आस्था और अधूरी आकांक्षा का केंद्र बनी रही।



दीपोत्सव आस्था की अभिव्यक्ति : मुख्यमंत्री

अयोध्या, वरिष्ठ संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम भारत के प्राण और आत्मसम्मान हैं। श्रीराम की चेतना ही वास्तव में भारत की चेतना है। यह भारत की संस्कृति और संस्कार हैं। मुख्यमंत्री ने दीपोत्सव को अयोध्या की सांस्कृतिक चेतना, जनआस्था और रामभक्ति की अद्भुत अभिव्यक्ति बताया।



गौरव की पुनर्प्राप्ति के लिए लंबा संघर्ष : मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे शास्त्रों ने सप्त पुरियों में अयोध्या को प्रथम पुरी के रूप में मान्यता दी है। अयोध्या ने अपने गौरव की पुनर्प्राप्ति के लिए लंबा संघर्ष किया है। आज रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हैं। राम ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने वनवासी, गिरवासी, वानर, भालू, निषादराज व माता शबरी सहित समाज के हर वर्ग को अपनाया। जन्मभूमि परिसर में महर्षि वाल्मीकि, विश्वामित्र, माता शबरी जटायु के मंदिर इसी समावेशी चेतना के प्रतीक हैं।

उत्तम नगर में बिजली कटौती से बेहाल लोग

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली का दमघोंटू प्रदूषण अब सिर्फ सड़कों पर नहीं, बल्कि बिजली कटौती के बहाने अब बेडरूम और किचन तक पहुंच चुका है।

सर्दियों की दस्तक के साथ ही पश्चिमी व पूर्वी उत्तम नगर क्षेत्र में शुरू हुई अघोषित बिजली कटौती ने स्थानीय लोगों को कुएं और खाई जैसी स्थिति में ला खड़ा किया है।

स्थिति यह है कि अगर बिजली से बचने के लिए दरवाजे खोलें तो जहरीली हवा फेफड़ों में जाती है, और अगर बंद रखें तो दिवाली के त्योहार में भी घरों में अंधेरा पसर जाता है। पहले भी इस मुद्दे को समय-समय पर उठाया गया है लेकिन समस्या अभी भी बरकरार है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली कटौती का कोई निश्चित समय नहीं है। रोजाना दो करीब घंटे तक बिजली गुल रहती है। शुक्रवार यानी धनतेरस के दिन उत्तम नगर स्थित दाल मिल रोड इलाके में करीब दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।



वहीं, जैन कालोनी पार्ट-एक, संडे बाजार, सोम बाजार, बुध बाजार और आसपास के क्षेत्रों में भी लगातार कटौती हो रही है। निवासियों के अनुसार, गुरुवार को सुबह 40 मिनट व शनिवार (छोटी दिवाली) के दिन भी लगभग डेढ़ घंटे तक बिजली नहीं रही। लोगों का कहना है कि प्रदूषण के इस मौसम में घरों को बंद रखना जरूरी है, लेकिन बिजली जाने पर अंधेरे के कारण दरवाजे खोलने पड़ते हैं। इससे घर के भीतर भी प्रदूषित हवा पहुंचने की चिंता बनी रहती है।

त्योहारी बजट में शामिल हुआ इन्वर्टर

त्योहारी सीजन में बिजली कटौती ने लोगों की खरीदारी की प्राथमिकता भी बदल दी है। धनतेरस पर जहां लोग सोने-चांदी और बर्तनों की खरीदारी करते हैं, वहीं कुछ परिवार इन्वर्टर और पावर बैकअप पर खर्च किया।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि गर्मियों में तो किसी तरह बिजली कटौती झेल ली, लेकिन त्योहारों के समय भी दो से तीन घंटे बिजली जाना मुश्किल बढ़ा रहा है।

समस्या पर क्षेत्रीय सीडीओ का पक्ष

त्योहारों के दौरान हमारी कोशिश रहती थी कि मेंटेनेंस से जुड़े कार्य न किए जाएं व बिजली आपूर्ति बाधित न हो। प्रयास कर रहे हैं कि लोगों को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े। त्योहारों पर दूसरे सामान की खरीदारी से पहले अब इन्वर्टर की जरूरत महसूस हो रही है।- संतोष ठाकुर, जैन कालोनी पार्ट - एक बार-बार बिजली जाने से दैनिक कार्य, बच्चों की पढ़ाई व नौकरी जाने वालों के समय पर प्रभाव पड़ता है।

दिल्ली चावड़ी बाजार हादसा: मलबे से एक और शव मिला, मरने वालों की संख्या हुई 7 की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। पुरानी दिल्ली के चावड़ी बाजार स्थित गली शीश महल में तीन मंजिला निर्माणाधीन मकान ढहने के हादसे में रविवार को एक और शव बरामद किया गया। अब तक कुल सात लोगों के शवों को निकाला जा चुका है। वहीं, शनिवार को मलबे से दो श्रमिकों के शव बरामद हुए थे। लगातार तीसरे दिन चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान शव मिलने के बाद हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। रविवार को मिले मृतक की पहचान लुच्चुमन मुखिया (66 वर्ष), निवासी गांव जकौली, पोस्ट बाथो, जकौली, जिला दरभंगा, बिहार के रूप में हुई है। शनिवार को मिले मृतकों में एक की पहचान बिहार के खगड़िया जिले के हनुमान नगर गांव के पंकज शर्मा के रूप में हुई है, जबकि दूसरे श्रमिक की पहचान अभी नहीं हो सकी थी। पुलिस ने दोनों शवों को एलएन अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मकान के भूतल पर अभी भी तीन से चार श्रमिकों के शव दबे होने की आशंका है। ऐसे में मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। शनिवार को भी एनडीआरएफ और नगर निगम की टीमें मलबा हटाने और उसमें दबे लोगों की तलाश में जुटी रहीं।

16 साल की मेड पर बर्बरता, कभी प्रेस से दागा तो कभी चाकू से दिए जख्म; दास्तान सुन कांप उठेगी रूह

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिणी दिल्ली में शाहीन बाग के अबुल फजल एन्क्लेव स्थित एक फ्लैट की चारदीवारी के भीतर एक साल तक 16 साल की किशोरी ने खुद पर बर्बरता की कहानी सुनाई है, जिसे सुनकर किसी का भी कलेजा कांप जाए।



किशोरी का आरोप है कि घरेलू काम में जरा सी चूक होने पर उसे गर्म प्रेस से दागा जाता था और चाकू से वार कर जख्मी किया जाता था। सुबह छह बजे से रात दो बजे तक लगातार काम कराने के बावजूद उसे भरपेट खाना तक नसीब नहीं होता था। खाने में बचा हुआ भोजन दिया जाता था।

आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की मजबूरी का फायदा उठाकर किशोरी को काम पर लगाया गया, लेकिन मेहनताना भी एकमुश्त नहीं मिला। कभी 500 तो कभी 1000 रुपये करके पूरे साल में महज 18 हजार रुपये दिए गए। तीन और चार नवंबर की रात श्रम विभाग, दिल्ली पुलिस और स्वयंसेवी संस्था की संयुक्त टीम ने उसे मुक्त कराया। मामले में आरोपित महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस और प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार, घटना शाहीन बाग के अबुल फजल एन्क्लेव पार्ट-2 स्थित मकान की तीसरी मंजिल के फ्लैट की है। पीड़िता पिछले एक साल से इस मकान में आरोपी महिला सदफ के यहां घरेलू सहायक के रूप में रखी गई थी।

पीड़िता के स्वजन ने उसे काम पर रखा था, लेकिन घर के भीतर उसके साथ दरिंदगी का खेल खेला जाने लगा। छोटी-छोटी बातों पर उसे पीटा जाता था, गर्म कपड़ों की प्रेस से शरीर को दागा जाता था और चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया जाता था। पिछले एक साल से किशोरी बाहरी दुनिया से कटी हुई इस खौफनाक कैद में हर दिन यातनाएं सहने को मजबूर थी।

किशोरी को उसकी मां से मिलने तक नहीं दिया जाता था। इसकी भनक जब एसोसिएशन फार वालंटरी एक्शन को लगी, तो उन्होंने तुरंत प्रशासन से गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम कालकाजी वेद प्रकाश मीणा ने तुरंत संज्ञान लिया और छापामारी की गई। टीम जब फ्लैट में दाखिल हुई, तो किशोरी की बदहवास हालत और शरीर पर चोट के निशान देखकर हर कोई दहल गया। टीम ने बिना देरी किए किशोरी को सुरक्षित रेस्क्यू किया।

रेस्क्यू के बाद किशोरी को सुरक्षित लाकर एसडीएम कालकाजी के समक्ष पेश किया गया, जहां उसका बयान दर्ज किया गया। पीड़िता की सुरक्षा को देखते हुए उसे महिला हेड कांस्टेबल की निगरानी में वन स्टाप सेंटर लाजपत नगर भेजा गया है। किशोरी का विस्तृत मेडिकल चेकअप और इलाज कराया जा रहा है। मामले में शाहीन बाग थाना पुलिस ने चार नवंबर को आरोपित महिला सदफ के खिलाफ बाल और किशोर श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 तथा बाल न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 75 (बच्चे के प्रति क्रूरता) और धारा 79 (बाल श्रम/शोषण) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

खाने के पैकेट में ड्रग्स तो किसी के पेट से निकली कोकेन... तस्करी के नए तरीके कस्टम के लिए चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी। आईजीआई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर नशा तस्करी के बदलते तरीकों ने कस्टम विभाग की चुनौती बढ़ा दी है। अब तस्कर गांजे की बड़ी खेप के साथ सिंथेटिक ड्रग्स और कोकेन भी दिल्ली पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। अक्टूबर में मनीला से आए एक यात्री के पास से शील्ड खाद्य पदार्थ के पैकेट में करीब पांच किलो संदिग्ध सिंथेटिक ड्रग्स मिली, जबकि गिनी के एक नागरिक के पेट से कोकेन से भरे 70 कैप्सूल निकाले गए। इस दौरान यात्रियों और एयर कार्गो से 264.288 किलो से अधिक गांजा जब्त किया गया।

साथ ही सोने, कीमती पत्थरों और लग्जरी घड़ियों की तस्करी के मामले भी पकड़े गए। नशा तस्करी में 15 तस्कर और 4 सोना और कीमती घडिया तस्करी करते हुए गिरफ्तार हुए हैं।

कस्टम अधिकारी के अनुसार रासायनिक प्रक्रियाओं से तैयार होने वाली सिंथेटिक ड्रग्स में एमडीएमए को एक्स्टसी या मौली कहा जाता है। इसका इस्तेमाल नाइट क्लब और पार्टियों में नशे के लिए होता है, इसलिए इसे पार्टी ड्रग के रूप में जाना जाता है।



जहां गांजा में तेज गंध होता है, यह गंधहीन होते हैं और काफी कम मात्रा में भी इनका प्रभाव काफी तेज हो सकता है। कस्टम को मनीला से आए एक भारतीय यात्री से करीब पांच किलो संदिग्ध सिंथेटिक ड्रग्स मिली। इसकी अनुमानित कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई गई।

28 अक्टूबर को गिनी से अदीस अबाबा होते हुए दिल्ली पहुंचे नागरिक को पकड़ा गया था, जो अपने पेट में कोकेन से भरे 70 कैप्सूल लेकर दिल्ली पहुंचा था। जिनमें 1.068 किलो कोकेन थी, जिसकी कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई गई। 15 अक्टूबर को बैंकाक से आए कार्गो में पीयू ट्यूब के प्लास्टिक स्पूल में छिपाकर रखी 148.675 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ। इसकी कीमत करीब 52 करोड़ रुपये थी। 21-22 अक्टूबर की दरमियानी रात दूसरी खेप से 23.220 किलो गांजा मिला।

यात्रियों के सामान से भी कई खेपें पकड़ी गईं। इनमें 28 अक्टूबर को दो भारतीय यात्रियों के ट्राली बैग से बरामद 26.670 किलो गांजा शामिल है। 19 अक्टूबर को दुबई से आए यात्री के सामान के फ्लोर स्प्रिंग में छिपाई गई 3.20 किलो सोने की छड़ें मिलीं। 26 अक्टूबर को शारजाह से आए दो यात्रियों से 332 ग्राम सोने की चेन बरामद हुई।

सरकार गठन के लिए सियासी जोड़तोड़ तेज, नेतन्याहू के सहयोगियों पर आइजेनकोट की नजर

तेल अवीव, एजेंसी। इस्राइल में नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। पूर्व सेना प्रमुख और विपक्षी नेता गादी आइजेनकोट ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सहयोगी दलों से संपर्क कर अपनी सरकार में शामिल होने का न्योता दिया है। उन्होंने इस्राइल के हालात को संवदेनशील मानते हुए कहा, 'देश गंभीर राजनीतिक और कूटनीतिक संकट से गुजर रहा है और इससे बाहर निकलने के लिए व्यापक राष्ट्रीय आपातकालीन सरकार बनाने की जरूरत है।' इस्राइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने रविवार (8 नवंबर) को सरकार गठन को लेकर फैसला लिया। उन्होंने आइजेनकोट को नई सरकार बनाने का आधिकारिक जिम्मा सौंपा। इसके लिए उन्हें 28 दिन का समय दिया गया है। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति उन्हें 14 दिन का अतिरिक्त समय भी दे सकते हैं। नई सरकार बनाने के लिए संसद में 120 में से कम से कम 61 सदस्यों का समर्थन जरूरी है। आइजेनकोट ने अपनी पार्टी याशर के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन की ओर से नेतन्याहू की लिकुड पार्टी और वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच की दक्षिणपंथी पार्टी 'रिलीजियस जायोनिज्म' को भी साथ आने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, उनकी शर्त है कि गठबंधन सरकार का नेतृत्व वह स्वयं करेंगे। आइजेनकोट ने कहा, इस्राइल ऐसी आपात स्थिति में पहुंच गया है, जहां से वापसी मुश्किल हो सकती है। राष्ट्रीय आपातकालीन सरकार बनाने की जरूरत है और इसके लिए रचनात्मक और असाधारण राजनीतिक कदम उठाने होंगे। इस्राइल में 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में किसी भी गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। आइजेनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को 48 सीटें मिलीं, जबकि नेतन्याहू के गठबंधन को 53 सीटें हासिल हुईं।



हेगसेथ को हटाने के लिए डेमोक्रेट्स लामबंद: ईरान युद्ध को लेकर महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन, महाभियोग की तैयारी

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में मध्यावधि चुनावों में जीत के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर दबाव बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। हाउस में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हकीम जेफ्रीज ने युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन किया है। उन्होंने हेगसेथ पर गंभीर कदाचार और ईरान के साथ जारी युद्ध के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया।

रविवार को एबीसी न्यूज से बातचीत में जेफ्रीज ने रिपब्लिकन सांसद थॉमस मैसी की ओर से तैयार किए जा रहे महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'मैं हेगसेथ के खिलाफ प्रस्ताव का पूरी तरह समर्थन करता हूं।' जेफ्रीज ने बताया कि डेमोक्रेटिक सांसद मंगलवार को दोबारा संसद की बैठक शुरू होने पर इस प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे।

जेफ्रीज ने युद्ध मंत्री की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया है और अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर किया है। उन्होंने कहा, 'कथित रक्षा मंत्री ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया है, हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर किया है और ईरान में इस गैरजरूरी और महंगे युद्ध की योजना बनाई है। इस युद्ध के कारण अमेरिकी लोगों के लिए कीमतें



बहुत बढ़ गई हैं और देश पहले से कम सुरक्षित हो गया है। पीट हेगसेथ को पद छोड़ना होगा।'

जेफ्रीज ने कहा कि जनवरी में कांग्रेस का औपचारिक नियंत्रण मिलने के बाद विपक्षी गठबंधन इस संघर्ष को खत्म करने के लिए विधायी विकल्पों पर काम करेगा। उन्होंने कहा, 'हम इस गैरजरूरी और महंगे युद्ध को खत्म करने जैसे कदम उठाना चाहते हैं, जिसने लोगों की जिंदगी को बहुत महंगा बना दिया है।' वहीं, सीएनएन के मुताबिक, हेगसेथ ने एक वीडियो बयान जारी कर महाभियोग की पहल को खारिज कर दिया। उन्होंने इसे 'व्यक्तिगत छवि खराब करने की राजनीति' बताया और कहा कि यह उनके खिलाफ कामयाब नहीं होगी। महाभियोग की मांग के साथ ही डेमोक्रेट्स ट्रंप प्रशासन के कामकाज की व्यापक संसदीय जांच की तैयारी भी कर रहे हैं। मध्यावधि चुनावों में सफलता के बाद पार्टी के नेता कार्यपालिका की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाना चाहते हैं। आगामी संसदीय सत्र में हाउस ओवरसाइट कमेटी की कमान संभालने की उम्मीद कर रहे सांसद रॉबर्ट गार्सिया ने कहा कि वह उस मामले की जांच शुरू करना चाहते हैं, जिसे उन्होंने 'ट्रंप क्राइम फैमिली' कहा। गार्सिया ने कहा, 'अब हमारे चुपचाप बैठे रहने और जवाबी कार्रवाई नहीं करने का दौर खत्म हो गया है।' इस पर ट्रंप ने आगामी संसदीय सूचनाओं और दस्तावेजों की मांगों की आलोचना की। उन्होंने इन्हें 'सबसे ऊंचे स्तर की जबरन वसूली' बताया और कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच ने भी चेतावनी दी कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ जवाबी आपराधिक जांच की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, डेमोक्रेटिक पार्टी के कुछ प्रगतिशील और उदारवादी नेताओं ने जांच और महाभियोग को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी है। नवनिर्वाचित सीनेटर एडम हैमिल्टन ने कहा कि उनकी दिलचस्पी महाभियोग से ज्यादा ऐसी व्यवस्थाएं बनाने में है, जो सत्ता के दुरुपयोग पर रोक लगा सकें।

अंडर-19 एशिया कप

हमजा जहूर के नाबाद शतक से जीता पाकिस्तान

बेकार गया अर्जुन राजपूत का सैकड़ा



पाक ने भारत को 3 विकेट से हराया

अल अमीरात (ओमान)। ओमान के अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए अंडर-19 एशिया कप के रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को 3 विकेट से हरा दिया। भारत द्वारा दिए गए 209 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 48.1 ओवर में 7 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ग्रुप-ए की अंक तालिका (पॉइंट्स टेबल) में 4 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है, जबकि भारत के खाते में 2 मैचों से 2 अंक हैं। हमजा जहूर की नाबाद शतकीय पारी और शतकीय साझेदारी



मैच-विनिंग पार्टनरशिप: जब पाकिस्तान के 5 विकेट जल्द गिर गए थे, तब हमजा ने हसनैन अब्बास डार (38 रन) के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 107 रनों की बहुमूल्य साझेदारी की और टीम को जीत की दहलीज पर ला खड़ा किया।

जीत का चौका: 49वें ओवर की पहली गेंद पर हमजा ने भारतीय गेंदबाज काव्य पटेल पर चौका जड़कर पाकिस्तान को 3 विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।

हमजा का जुझारू शतक



पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज हमजा जहूर टीम की जीत के मुख्य सूत्रधार रहे। उन्होंने दबाव भरे पलों में 10 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 100 रनों की शतकीय पारी खेली।



अर्जुन राजपूत का शतक, 208 रन पर सिमटी टीम इंडिया

अर्जुन की शानदार पारी : टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम 46.3 ओवर में 208 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से अर्जुन राजपूत ने संकटमोचक की भूमिका निभाते हुए 107 रनों की शतकीय पारी खेली, हालांकि अन्य शीर्ष बल्लेबाजों से उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिला।

पाकिस्तानी गेंदबाजों का दबदबा : पाकिस्तान की ओर से सटीक गेंदबाजी करते हुए अली रजा, निकाब शफीक और रिजवानुल्लाह ने 3-3 विकेट झटके। भारतीय गेंदबाजी का प्रयास रहा अधूरा- 209 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए भारत की ओर से गेंदबाज मनल चौहान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके और मैच को कड़े मुकाबले में तब्दील किया। अंत के ओवरों में मोहित उलवा और अन्य गेंदबाजों ने रन गति पर अंकुश लगाने की कोशिश की, मगर हमजा जहूर की धैर्यपूर्ण पारी ने अंतत : पाकिस्तान को जीत दिला दी।

आईपीएल में बड़ा फेरबदल

हार्दिक पांड्या पंजाब किंग्स में शामिल, अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस की जर्सी में नजर आएंगे

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आगामी नीलामी से पहले एक बड़ा और चौंकाने वाला खिलाड़ी ट्रेड सामने आया है। मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच हुए इस बड़े समझौते के तहत स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अब पंजाब किंग्स की ओर से खेलेंगे, जबकि भारत के प्रमुख बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस का हिस्सा बनेंगे।

नीलामी से पहले बड़ा ट्रेड डील अदला-बदली पर मुहर : न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, दोनों फ्रेंचाइजियों के बीच यह स्वैप डील पूरी हो चुकी है। आईपीएल से जुड़े एक सूत्र ने इस ट्रेड की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलेंगे हार्दिक : सूत्र के मुताबिक, हार्दिक पांड्या पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में खेलने को लेकर काफी खुश और सहज हैं। श्रेयस अय्यर ही पंजाब किंग्स की कप्तानी संभालते रहेंगे और हार्दिक एक प्रमुख ऑलराउंडर के रूप में टीम को मजबूती प्रदान करेंगे। अर्शदीप संभालेंगे मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण : दूसरी ओर, लंबे समय से पंजाब किंग्स की तेज गेंदबाजी की रीढ़ रहे अर्शदीप सिंह अब पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करते दिखेंगे।

मेसी ने 'एमएलएस' में रचा इतिहास

लगातार 2 सीजन 'गोल्डन बूट' खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने

नई दिल्ली। इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेसी का मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में शानदार प्रदर्शन जारी है। उन्होंने रेगुलर सीजन में 26 गोल करके 'गोल्डन बूट' का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही मेसी लगातार दो सीजन में यह पुरस्कार जीतने वाले लीग के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। अर्जेंटीना के इस सुपरस्टार ने एफसी डलास के फॉरवर्ड पेटार मूसा से 4 गोल ज्यादा किए, जिन्होंने 22 गोल दागे थे। वहीं, वैंकूवर व्हाइटकैप्स एफसी के ब्रायन व्हाइट 20 गोल के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस उपलब्धि के साथ, मेसी एमएलएस के इतिहास में एक से अधिक बार गोल्डन बूट जीतने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। अपने चौथे एमएलएस सीजन में, मेसी ने केवल 31 रेगुलर-सीजन मुकाबलों में हिस्सा लेने के बावजूद सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके 26 गोल के साथ 17 असिस्ट भी शामिल रहे, जिससे उनका कुल योगदान 43 हो गया। यह एमएलएस के किसी एक सीजन में दर्ज किया गया तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है।

39 वर्षीय मेसी ने प्रति मैच 0.87 गोल के साथ लीग में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा, उन्होंने 6 बार एक से



अधिक गोल करके भी शीर्ष स्थान साझा किया। प्रति 90 मिनट में गोल करने के मामले में वे 0.91 के औसत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। मेसी के इस सीजन की सबसे खास बात 'ओपन प्ले' से उनका शानदार प्रदर्शन रहा। उनके 26 गोलों में से केवल 1 गोल पेनाल्टी से आया था। इस तरह, उन्होंने पेनाल्टी के बिना 25 गोल किए, जो एमएलएस के इतिहास में एक सीजन में दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह रिकॉर्ड भी मेसी के ही नाम है, जिन्होंने 2025 में पेनाल्टी के बिना 28 गोल किए थे।

इस नए गोल्डन बूट के साथ, मेसी ने गोल करने में अपनी निरंतरता का शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2025 में 29 गोल करने के बाद, मेसी एमएलएस के इतिहास में लगातार दो रेगुलर सीजन में कम से कम 25 गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। पिछले तीन सीजन में, मेसी ने रेगुलर सीजन में कुल 75 गोल किए हैं। लीग के इतिहास में तीन सीजन की अवधि में किसी भी खिलाड़ी द्वारा किए गए गोलों की यह दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। वे 2023 के 'गोल्डन बूट' विजेता डेनिस बौंगा के साथ, लगातार तीन सीजन में कम से कम 20 गोल करने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी हैं।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, मंगलवार 10 नवम्बर 2026

दीवाली की रात

देश भर में आग से 23 की मौत

एमपी में 13 की जान गई, महाराष्ट्र में एक ही परिवार के 6 की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दीवाली की रात देश के कई शहरों में पटाखों और अन्य कारणों से लगी आग में 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल और कुछ लापता हैं।

सबसे ज्यादा मौतें मध्य प्रदेश में हुईं, जहां तीन अलग-अलग घरों में आग लगने से 13 लोगों की जान चली गई। वहीं महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में एक मकान में रहने वाले परिवार के छह लोगों की मौत हो गई।

मुंबई के लोखंडवाला में आग लगने की एक अन्य घटना में भी एक व्यक्ति की जान चली गई। इसके अलावा, राजस्थान के पाली में पटाखों की दुकान में आग लगने से 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग लापता हैं।

हादसे में तीन दुकानें और



कई दोपहिया वाहन जल गए। वहीं, दिल्ली के नरेला में रॉकेट पटाखा पेट में लगने से 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के कटनी जिले में मकान में आग लगने से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं जिनमें से एक 2 महीने का था। वहीं, सिवनी जिले में सराफा व्यापारी के मकान में आग लगने से 6 लोगों की जान चली गई। इनमें एक 16 साल का किशोर भी शामिल है।

यूपी में कबाड़ की दुकान, 25 लाख का नुकसान

उत्तर प्रदेश के बांदा में कबाड़ की दुकान में आग लगने से करीब 20-25 लाख रुपए का नुकसान हुआ। पुणे में आग की 63 घटनाएं हुईं, इनमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जम्मू के नेहरू मार्केट में आग से 12 से ज्यादा दुकानें जल गईं, जबकि नागपुर में टीवीएस शोरूम में आग लगने से कई दोपहिया वाहन जल गए।

मुंबई के डोंगरी में झुग्गियों में आग

मुंबई के डोंगरी इलाके में आग से कई दुकानें और झुग्गियां जल गईं, जबकि दादर के कामगार स्टेडियम में लगी आग पर दमकलकर्मियों ने 17 मिनट में काबू पा लिया। महाराष्ट्र के ठाणे में 17 मंजिला बिल्डिंग में आग लगी। ठाणे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। इसके अलावा असम के जोनाई, पुणे के वडगांव शेरी, मुंबई के विद्याविहार, सिक्किम के गंगटोक में सरकारी आवास और गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके में भी आग लगने की घटनाएं सामने आईं। इन घटनाओं के बाद दमकल विभाग और पुलिस की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी रहीं।

पांच साल में डिफेंस एक्सपोर्ट साढ़े 4 गुना हुआ



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश ने पिछले 5 साल में रक्षा उत्पादन में एक बड़ी क्रांति दर्ज की है। यह बदलाव सैन्य टेक्नोलॉजी निजी क्षेत्र के साथ साझा करने से हुआ है। सेना के लिए हथियार और साजो-सामान तैयार करने के मामले में अब सरकारी प्रतिष्ठानों के साथ निजी कंपनियों का बड़ा नेटवर्क खड़ा हो गया है। हथियार आयात करने के मामले में शीर्ष 5 देशों में गिने जाने वाले भारत ने इसके दम पर तस्वीर उलट दी है। पहली बार सेनाओं के लिए हथियारों के आयात पर जितनी रकम खर्च हुई, उससे अधिक का रक्षा निर्यात देश ने किया। अखबार ने उच्च स्तरीय और अत्याधुनिक सैन्य टेक्नोलॉजी निजी उद्योगों को देने और उससे हुए बदलाव की पड़ताल की। इसमें सामने आया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) से मिली टेक्नोलॉजी के बल पर निजी कंपनियों का रक्षा निर्यात 5 सालों में 7,271 करोड़ रु. से बढ़कर 17,353 करोड़ रु. हो गया।

नगरीय चुनाव से पहले सड़कों की मरम्मत कराएगी सरकार

भोपाल। प्रदेश में अगले साल होने वाले नगरीय निकाय चुनावों से पहले सरकार शहरी क्षेत्रों की खराब सड़कों को दुरुस्त कराने की तैयारी में है। बारिश के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सभी नगर निगमों और नगर पालिका परिषदों को निर्देश जारी किए हैं। निकायों से सड़कों का सर्वे कर मरम्मत के प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है।

विभाग ने इसके लिए काम की समय-सीमा भी तय कर दी है, ताकि आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख अभियंता की ओर से जारी निर्देशों के मुताबिक सबसे पहले नगरीय निकायों को खराब सड़कों का सर्वे और मापांकन कराना होगा। इसके आधार पर एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कार्य का एस्टीमेट तैयार करना अनिवार्य है। इसके बाद 15 दिनों में नियमानुसार तकनीकी स्वीकृति लेने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। तकनीकी मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में की पूजा, कहा-गौमाता से जीवन को जोड़ें

गोवर्धन पूजा सनातन संस्कृति के गौरवशाली अतीत की पहचान है

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन में तिलकेश्वर महादेव गौशाला में विधि विधान से गौवर्धन पूजा की व गौ माता को गुड़ रोटी खिलाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली है। इस नगरी का गौरवशाली अतीत है। उन्होंने कहा कि गौवर्धन पूजा सनातन संस्कृति की पहचान है। यह गुरु गोरखनाथ के नाम पर की जाती रही है। सनातन धर्मावलंबी दीपावली का त्यौहार गौधन का पूजन कर मनाते है। समय की आवश्यकता है कि गौमाता की पूजा के साथ प्रत्येक व्यक्ति गौमाता को पाले।

सिंहस्थ के प्रबंधन के लिए समाज का सहयोग आवश्यक है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन नगर सिंहस्थ में आने वाले 40 करोड़ श्रद्धालुओं के प्रबंधन के लिए तैयार हो रहा है। पूरे शहर में 500



कि.मी. से अधिक सडके बन रही है। तिलकेश्वर महादेव के पास स्थित वाल्मिकी धाम में नया पुलिस थाना भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं को सिंहस्थ के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। क्षिप्रा में पवित्र स्नान के लिए नए घाटों का निर्माण करते हुए उन घाटों पर सुगम पहुंच मार्ग की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहर के लोगों को आवाहन किया है कि वे भी अपनी ओर से सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं का खुले मन से स्वागत करें। यहां आने वाला हर एक श्रद्धालु एक अनूठे आतिथ्य सत्कार का अनुभव लेकर लौटे। मुख्यमंत्री ने नगर के लोगों से अपील की है कि वे अपनी खाली जमीन पर टेंट सिटी, घरों में नए कमरे, होटल व होमस्टे बनाकर अतिथियों को सुविधा उपलब्ध कराए, इससे उन्हें अतिरिक्त आय भी होगी। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज ने भी संबोधित किया। विधायक अनिल जैन कालूहेडा, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ओम जैन, महापौर मुकेश टटवाल, यूडीए अध्यक्ष रवि सोलंकी, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, एसपी प्रदीप शर्मा सहित गणमान्य व गौपालक उपस्थित थे।

1930 में आरएसएस पर बैन लगाने की हुई थी कोशिश

नागपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने 1930 के दशक का एक किस्सा सुनाते हुए बताया कि उस समय सेंट्रल प्रोविंस की विधानसभा में संघ पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश हुई थी। उन्होंने कहा- उस समय संघ के समर्थन में कोई स्वयंसेवक सामने नहीं आया था। ऐसे में इब्राहिम नाम के एक व्यक्ति ने संघ का पक्ष रखते हुए कहा था कि संघ को बंद नहीं किया जाना चाहिए और क्योंकि वह सांप्रदायिक संगठन नहीं है। भागवत ने बताया कि इब्राहिम का कहना था- जो लोग कहते हैं कि हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र है, उन्हें मेंटल हॉस्पिटल भेज देना चाहिए। मैं डॉ. हेडगेवार को जानता हूं, वह मेंटल नहीं हैं, वह एक अच्छे इंसान हैं।



4 दिन से फरार था, मई में भाजपा सरकार बनने के बाद चौथा एनकाउंटर

बंगाल में भतीजी से रेप-मर्डर का आरोपी एनकाउंटर में ढेर

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में 12 साल की भतीजी से रेप-मर्डर के आरोपी दिलीप रॉय की सोमवार सुबह पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, रायगंज के परापुकुर गांव में उसे पकड़ने के लिए छापेमारी की गई थी। इस दौरान आरोपी ने पुलिस पर गोली चलाई, जो पुलिस वैन के टायर में लगी। जवाबी गोलीबारी में वह घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना के बाद से फरार आरोपी की चार दिन से तलाश कर रही थी। राज्य मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि कानून तोड़ने वालों को पुलिस का सामना करना पड़ेगा। राज्य में मई में भाजपा की सरकार बनने के बाद पुलिस मुठभेड़ में किसी आरोपी की मौत का यह चौथा मामला है। परिवार के मुताबिक, बच्ची 3 नवंबर को साइकिल लेकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। 5 नवंबर को कुलिक नदी के पास जंगल में उसका शव मिला। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस के मुताबिक, दिलीप रॉय बच्ची का रिश्तेदार था और उसे नदी दिखाने के बहाने जंगल ले गया था। घटना के बाद वह फरार हो गया था।



बंगाल में 5 महीने में रेप के 2,454 और हत्या के 600 मामले

पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद 1 मई से 24 सितंबर के बीच रेप के 2,454 मामले दर्ज हुए। यानी औसतन हर दिन करीब 17 मामले सामने आए। इस दौरान हत्या के 600, हत्या की कोशिश के 13,114 और गंभीर चोट पहुंचाने के 32,341 मामले भी दर्ज किए गए। वहीं, क्राइम सीन रीक्रिएशन के दौरान पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर फायरिंग करने वाले आरोपी की मौत की छह महीने में यह चौथी घटना है। ये आंकड़े राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के हवाले से आरटीआई के जवाब में सामने आए हैं। आरटीआई आवेदन टीएमसी नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने दाखिल किया था।

4 आतंकियों की तलाश, लालचौक पर बैनर लगा

श्रीनगर (एजेंसी)। श्रीनगर के लाल चौक इलाके में रविवार सुबह चार वांटेड आतंकियों की जानकारी मांगने वाला बैनर लगाया गया है। यह बैनर प्रताप पार्क की दीवार पर टांगा गया है। इसमें आतंकियों के नाम और तस्वीरें हैं। बैनर में मोहम्मद लतीफ भट की तस्वीर भी शामिल है। वह इस साल जुलाई में अनंतनाग में एक पुलिसकर्मी की हत्या में शामिल था। इसके अलावा बिलाल अहमद मीर, मोहम्मद उमर मीर और आबिद कयूम लोन का नाम भी है। ये तीनों बारामूला जिले के रहने वाले हैं। बैनर पर लिखा है, जो भी इन आतंकियों की आवाजाही या मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय जानकारी दे सकता है, उसकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और अच्छा इनाम दिया जाएगा। **लतीफ पर 15 लाख का ईनाम पहले से-** इससे पहले अगस्त-सितंबर में काउंटर इंटेलीजेंस कश्मीर ने वांछित लश्कर-ए-तैयबा आतंकी लतीफ अहमद भट की गिरफ्तारी के लिए श्रीनगर के विभिन्न इलाकों में पोस्टर लगाए हैं।